# अंडरब्रिज सहित ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल मंत्री से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 13 फरवरी. जनजातीय बहुल बैतूल संसदीय क्षेत्र में रेल एवं बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आज संसद भवन नई दिल्ली में विस्तृत बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से रखा।**

**बैठक में संसदीय क्षेत्र की आवाज को मजबूती से रखा**

**रेल मंत्री ने दिया सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन**

बैतूल में अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग - बैठक की शुरुआत में श्री उइके ने बैतूल शहर में यातायात की सबसे गंभीर समस्या रेलवे अंडर ब्रिज को सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने बैतूल-मरामझिरी रेल खंड के किलोमीटर 850 240 पर सदर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडर ब्रिज तथा बैतूल रेलवे मालगोदाम के नागपुर सिरे पर माचना नदी (रामनगर की ओर) स्थित अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। उन्होंने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से कहा कि इन अंडर ब्रिजों के अभाव में शहर रोज जाम से जूझ रहा है, एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं बाधित हो रही हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जबकि दोनों प्रस्ताव मंडल एवं जोनल स्तर से स्वीकृति के साथ रेलवे बोर्ड को भेजे जा चुके हैं।

अन्य रेलवे स्टेशनों की समस्याएं भी रखीं

श्री उइके ने घोडाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर



एक्सप्रेस एवं नागपुर - इंदौर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। इसके साथ ही आदिवासी बहुल बरबटपुर एवं ढोढरामोहार रेलवे स्टेशनों पर पेंचवेली एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करते हुए कहा कि इससे दूरदराज के गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी से निजात मिलेगी। श्री उइके ने आमला रेलवे स्टेशन पर समता एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्सप्रेस, जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस, सेवाग्राम एक्सप्रेस (नागपुर रूट का आमला तक विस्तार) तथा पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव, विस्तार की मांग रखी। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि आमला में रेलवे की उपलब्ध रिक्त भूमि पर सोलर पावर जनरेशन प्लांट अथवा कोच फैक्ट्री की स्थापना की जाए, जिससे न केवल रेलवे को लाभ होगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। दादाधाम इंटरसिटी बंद होना जनता के साथ अन्याय है। श्री उइके ने नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट इंटरसिटी (दादाधाम एक्सप्रेस) के बंद होने को जनता के साथ अन्याय बताते हुए इसके शीघ्र पुनः संचालन की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के बंद होने से मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, टिमरनी, हरदा, खिरकिया एवं छनेरा के हजारों यात्रियों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है।

## हरिद्वार तक रेल सेवा की रखी मांग

बैठक में बैतूल से हरिद्वार के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने अथवा दक्षिण एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक विस्तारित करने की मांग भी जोरदार तरीके से रखी गई। श्री उइके ने कहा कि गायत्री परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार एवं ऋषिकेश की यात्रा करते हैं, लेकिन सीधी ट्रेन न होने से विशेषकर वृद्धजन, महिलाएं और ग्रामीण यात्रियों को अत्यधिक कष्ट झेलना पडता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रस्तावों पर रेलवे बोर्ड एवं अधिकारियों से परीक्षण कर शीघ्र आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## मुलताई रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग

श्री उइके ने इसके बाद मुलताई रेलवे स्टेशन की वर्षों से हो रही उपेक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुलताई नगर को आज भी पर्याप्त रेल ठहराव से वंचित रखा गया है। उन्होंने अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस, ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस एवं जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के मुलताई स्टेशन पर ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह केवल सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का प्रश्न है। बैतूल रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय हब बनाने की मांग - बैठक में श्री उइके ने बैतूल रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय रेल हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस, पूरी हमसफर एक्सप्रेस, आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस एवं भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। साथ ही अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं नरखेड इंटरसिटी एक्सप्रेस को बैतूल तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे बैतूल सीधे देश के प्रमुख शहरों से जुड़ सके।

## एक नजर में

### 13, 533 विद्यार्थियों ने दी 12वीं बोर्ड परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में कक्षा 12वीं का अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, पशुपालन तथा विज्ञान के तत्व विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में इस बार 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 13 हजार 762 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 13 हजार 533 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 229 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 24 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक केंद्र पर पर्यवेक्षक द्वारा नकल का एक मामला दर्ज किया गया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

### गुदगत रोगों के लिए 14 तक चलेगा शिविर

**बैतूल।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में गुदगत रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशन में इस शिविर के लिए पंजीयन 26 दिसंबर 25 से प्रारंभ किया गया था, जबकि विशेष शिविर 05 फरवरी 26 से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। शिविर में आयुर्वेदिक शल्य विशेषज्ञ डॉक्टर रवि चौकिकर द्वारा बवासीर, फिस्टुला और फिशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है। शिविर के दौरान अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की विस्तृत जांच कर परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। जिले भर से 200 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रियंका क़ासदे एवं डॉक्टर वर्षा उईके का भी शिविर में सक्रिय सहयोग रहा। डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि यह शिविर बवासीर की समस्या को जड़ से दूर करने पर केंद्रित है, जो आधुनिक सर्जरी की तुलना में बेहतर और दर्दरहित विकल्प है। मरीजों ने जांच, दवा और परामर्श व्यवस्था की सराहना की। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि शेष दिनों में पहुंचकर उपचार अवश्य कराएं।

### आज से शुरू होगा शिवम समिति का भंडारा

**बैतूल।** शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा आज 14 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से कमानी गेट, कोठी बाजार में विधिवत प्रारंभ होगा। लगातार तीन दिनों तक चलने वाले इस महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्तम एवं व्यवस्थित भोजन की व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्य पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे और आज से यह सेवा कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो रहा है। समिति के राकेश शर्मा रक्कू ने बताया कि शिवम सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य भोपाली एवं पचमढ़ी महादेव दर्शन के लिए जाने और लौटने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना है। इन श्रद्धालुओं में जिले भर से बड़ी संख्या में किसान भाई, माताएं, बहनें और बच्चे शामिल रहते हैं। यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए महाभंडारे के माध्यम से सुस्वाद और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह महाभंडारा 16 फरवरी की रात्रि तक निरंतर जारी रहेगा।

# बडोरा कृषि मंडी में किसान-हम्माल विवाद, कामकाज रहा ठप


**बैतूल।** बडोरा कृषि उपज मंडी में किसान और हमालों के बीच हुए विवाद के बाद शुक्रवार को मंडी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। विवाद के कारण हमालों और तुलावटियों ने काम बंद कर दिया, जिससे तुलाई प्रक्रिया प्रभावित हुई। इस बीच, व्यापारियों ने भी नीलामी का बहिष्कार कर दिया है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को केवल सोयाबीन की नीलामी हो सकी, जबकि गेहूं और मक्का की नीलामी पूरी तरह से रुकी रही। मंडी में पहुंचे कई किसानों



को अपनी उपज के साथ रुकना पड़ा है। मंडी सचिव सुरेश परते ने बताया कि हमालों ने किसानों और व्यापारियों से गाली-गलौज किए जाने की शिकायत की है, जिसके विरोध में उन्होंने काम बंद कर दिया। व्यापारियों ने भी विवाद की स्थिति को देखते हुए बोली में भाग नहीं लिया। मंडी सचिव ने यह भी बताया कि प्रबंधन दोनों पक्षों से बातचीत कर रहा है ताकि जल्द समाधान निकल सके और नीलामी की प्रक्रिया पुनः शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि मंडी में अब दो दिन की छुट्टी है, ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए सोमवार तक और इंतजार करना पड़ सकता है। किसान गोलू हारोडे ने बताया कि वे गुरुवार को मक्का लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन शुक्रवार तक उसकी तुलाई नहीं हो सकी। उनका आरोप है कि हमालों ने तुलाई के लिए 1500 रुपये की मांग की और इनकार करने पर काम रोक दिया। उन्होंने किसी भी तरह की गाली-गलौज से इनकार किया। वहीं, हमाल अशोक कवड़े ने आरोप लगाया कि किसान ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिसके कारण हमालों ने काम बंद किया। इस विवाद के चलते बडोरा मंडी में शुक्रवार को सन्नाटा छाया रहा।

# हादसे के बाद एम्बुलेंस की चपेट में आने से युवक की मौत

**बैतूल।** शाहपुर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा सामने आया है। नेशनल हाईवे की अधूरी पुलिया पर तूफान जीप और बस की टक्कर के बाद बचाने पहुंची एम्बुलेंस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात धार के पास अधूरी पुलिया समीप हुआ। जानकारी के अनुसार चिचोली से पचमढ़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी तूफान जीप गाड़ी खराब हो जाने के कारण नेशनल हाईवे पर स्थित और निर्माणाधीन पुलिया के पास खड़ी थी, रात में अंधेरा होने के कारण छिंदवाड़ा से इंदौर जा रही प्राइवेट कंपनी की बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद



मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चिचोली से पचमढ़ी जा रहे श्रद्धालुओं के अन्य साथी भी वहां आ गए। इसी दौरान मरीज को लेने आ रही तेज रफ्तार हाईवे पेट्रोलिंग एम्बुलेंस 1033 ने घटनास्थल पर खड़े श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी, जिससे एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई। इस पूरे घटनाक्रम में दो एम्बुलेंस कर्मियों सहित कुल 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया।

# बजरंगियों ने 5 गौवंश व 2 तस्करों को पकड़ा, पुलिस को दी सूचना

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्रामो से होते हुए गौवंश तस्करो द्वारा गौवंश महाराष्ट्र के कत्ल खाने ले जाने का सिलसिला लगातार जारी है,शुक्रवार को भी उभारिया के पास से 2 संदिग्ध लोगों द्वारा 5 गौ वंशो को बड़े बेहरमी से मारते हुए पैदल ले जाया जा रहा था।

सूचना मिलने पर बजरंगियों ने गौवंश के साथ दौ लोगो को पकडा है। सागर बजरंगी ने बताया ग्रामीणों द्वारा मुलतापी के जिला संयोजक राधे विश्वकर्मा को सूचना देने पर बजरंग दल के दायित्वमान पदाधिकारी प्रखंड संयोजक दीपांशु साहू अपनी टीम के साथ प्रखंड अध्यक्ष प्रवीन राउत, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख पंकज बिहारे, सुशील श्रीवार, राहुल बचले ग्राम उभारिया मौके पर पहुचे तो गौ तस्कर सभी गौवंशों को पैदल निरगुड से होते हुए जंगल के रास्ते से महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जा रहे थे। जिसकी बजरंगियों ने पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचना दी एवं दोनों तस्करों को पुलिस के हवाले किया तथा सभी गौ वंशों को उभारिया की गौशाला भिजवाया गया। बजरंगियों ने तस्करों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# सूने घर का ताला तोड़कर जेवर-नगदी चोरी

**मुलताई।** नगर के अम्बेडकर वार्ड में गुरुवार एवं शुक्रवार कि दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा एक सूने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर सहित 40 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए। घर मालिक महिला ने घटना की लिखित रिपोर्ट थाने में की है। अम्बेडकर वार्ड निवासी गेन्दाबाई उम्र 74 वर्ष पति नत्थ्या प्रसाद ढोबारे जाति पवार ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उसका मकान राधा कृष्ण लान के पास स्थित है, उसका स्वास्थ्य खराब होने से वह अपने घर पर ताला लगाकर अपनी पुत्री के पास इलाज कराने छिंदवाडा गईं थी। शुक्रवार की सुबह उसे पडोसियों



ने फोन पर बताया कि आपके घर में चोरी हो गई है।सूचना मिलने पर वह शुक्रवार सुबह मुलताई घर वापस आई तो देखा की घर के सामने का चेनल गेट टूटा हुआ था तथा घर के दरवाजा का ताला व कुन्दा भी टूटा हुआ था, घर में जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था, गोदरेज व पेटी व कपाट के ताले टुटे हुये थे घर का सामान पूर्ण रूप से बिखरा हुआ था। आवेदिका के घर मे गोदरेज की आलमारी में रखे रूपए 40 हजार रूपये नकद एवं सोने की कान की दो जोडी बाली तथा नाक की लौंग एवं एक अंगुठी सोने की एवं चांदी की पायल व पैरपट्टी रात्रि 2.30 से 3 बजे के बीच चोरी हो गए।

# 37 लाख 95 हजार से होगा बिरूल बस स्टैंड का सीमेंटीकरण

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम बिरूल बाजार बसस्टैंड का 37 लाख 95 हजार रुपए की लागत से सीमेंटकरण होगा। शुक्रवार को विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने बस स्टैंड परिसर में सीमेंटकरण कार्य का भूमिपूजन किया।भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया बिरूल बाजार में ग्राम वासियों को बारिश के मौसम में होने वाले कीचड़ की परेशानियां से निजात दिलाने के लिये क्षेत्रवासियों की मांग पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने ग्राम बिरूल बाजार में बसस्टैंड सीमेंटकरण के लिए मुख्यमंत्री विशेष निधि 37 लाख 95 की राशि की स्वीकृति दिलाई। जिसका शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा बिरूल बाजार बस बस स्टैंड पर बारिश में ग्रामीण एवं यात्रियों को बारिश के मौसम में अब कीचड़ से होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी द्य क्षेत्र वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है, क्षेत्र में लगातार विकास करने के लिए वह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रभातपट्टन जनपद अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल,सरपंच जीवन बनकर,जनपद सदस्य ज्योति मिलन बनाईत, मंडल अध्यक्ष पट्टन सतीश धाकड़, विजय बनकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 2000 लोहे के टुकड़ों से साकार हुआ गरुड़

**बैतूल।** गरुड़ हिंदू धर्म में शक्ति, साहस और भक्ति के प्रतीक माने जाते हैं। भगवान विष्णु के वाहन के रूप में पूजित गरुड़ को संरक्षण, तेज और नकारात्मक शक्तियों के विनाश का प्रतीक माना जाता है। ऐसे दिव्य और प्रेरणादायी स्वरूप को कला के माध्यम से साकार करने का अनूठा प्रयास युवा चित्रकार व कला गुरु श्रेणिक जैन और उनकी शिष्या उमा सोनी ने किया है। दोनों कलाकारों ने मिलकर लगभग 2000 लोहे के छोटे-बड़े टुकड़ों को वेल्डिंग तकनीक से जोड़ते हुए गरुड़ की भव्य प्रतिमा तैयार की है। इस प्रतिमा में गरुड़ के विस्तृत



पंख, तीव्र दृष्टि और प्रभावशाली मुद्रा को अत्यंत सजीव रूप में उकेरा गया है। पारंपरिक आस्था और आधुनिक धातु शिल्पकला का यह संगम लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। कला गुरु श्रेणिक जैन ने बताया कि इस प्रतिमा को बनाने में कई दिनों की कठिन मेहनत, सूक्ष्म योजना और तकनीकी कौशल की आवश्यकता पड़ी। वहीं शिष्या उमा सोनी ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन में इस तरह की विशाल धातु प्रतिमा बनाना उनके लिए गर्व और सीख का अनमोल अनुभव रहा।

# शासकीय महाविद्यालय सारनी में रोजगार मेले का आयोजन

**बैतूल।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी में युवा संगम के तहत शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सारनी किशोर बरदे, जनभागीदारी अध्यक्ष कमलेश सिंह, अतिथि शासकीय आईटीआई नोडल प्राचार्य शुभम वानखेड़े, महिला आईटीआई से प्राचार्य अजीत पंद्राम, पार्षद दशरथ जाट, कमलेश सोनी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने सभी युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से



अपना भविष्य बेहतर बनाने का आह्वान किया। जिला रोजगार अधिकारी बैतूल डॉ.श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि रोजगार स्वरोजगार के लिए जिला रोजगार पंजीयन कराना आवश्यक होता है, क्योंकि सरकारी नौकरियों में बिना रोजगार पंजीयन के फॉर्म भी नहीं भर सकते। उन्होंने बताया कि रोजगार में 377 युवाओं ने पंजीयन किया था, जिनमें से 13 निजी कंपनियों ने 245 विद्यार्थियों का प्राथमिक रूप से चयन कर लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय के द्वारा 245 विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वरोजगार विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं 02 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर 117 अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 02 सिकल सेल पॉजिटिव मरीज पाए गए, शुगर 88, बीपी-75, एचबी-92 आदि बीमारियों की जांच की गई।

**कार्यशाला** नए आयकर अधिनियम की भाषा सरल, अनावश्यक उपबंधों को हटाया गया है

# नए आयकर अधिनियम पर जागरुकता कार्यशाला संपन्न

**बैतूल।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली, के आदेश के अनुपालन में आयकर कार्यालय बैतूल द्वारा नए आयकर अधिनियम 2025 जो कि 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जाएगा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया कि आयकर अधिनियम एक गतिशील कानून है जिसे देश की बदलती आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाने के लिए नियमित रूप से अद्यतन और संशोधन की आवश्यकता होती है। आयकर अधिनियम को आर्थिक परिवर्तन, राजकोषीय नीतियों और सरकारी प्राथमिकताओं को दर्शाने के लिए



नियमित रूप से वार्षिक आधार पर अध्ययन किया जाता है इसलिए यह अर्थव्यवस्था, व्यावसायिक वातावरण, मुद्रा स्थिति दरों, आय स्रोतों और वैश्विक वित्तीय रुझानों में होने वाले बदलावों के अनुकूल होता है। वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 में अधिनियमित किया गया था। कराधान नीति में संशोधन की उभरती आवश्यकताओं के आधार पर वित्त अधिनियमों के माध्यम से वर्ष दर वर्ष पिछले 64 वर्षों में 4000 से अधिक संशोधनों के साथ इसमें लगभग 65 बार संशोधन किया गया है। जुलाई 2024 में बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा का उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में सरल बनाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रख कर आयकर अधिनियम 1961 में व्यापक बदलाव के लिए प्रयास हुए। नया आयकर अधिनियम 2025 दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति के अनुमोदन के पश्चात देश का कानून बन चुका है इसकी भाषा सरल है अनावश्यक उपबंधों को हटा दिया गया है 1200 परंतु क और 900 स्पष्टीकरणों को हटा कर उन्हें उपधाराओं में स्थान दिया गया है। कुछ मुद्दे जो वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 में कई जगह बिखरे हुए थे उन्हें एक जगह रखकर ज्यादा सरल और स्पष्टता प्रदान करने की सफल कोशिश की गई है। अधिकांश बदलाव करदाता की सहुलियत के लिए किए गए है। पूर्व वर्ष जिसकी आय का निर्धारण अगले वर्ष, जिसे निर्धारण वर्ष कहा जाता है इन दो परिभाषाओं की जगह एक ही परिभाषा कर वर्ष रखा गया है। तालिकाओं और सूत्रों के माध्यम से ज्यादा पठनीय और निश्चित बनाने की कोशिश हुई है। विभिन्न कर अपराधों के लिए सजा को कम किया गया है सश्रम कारावास की जगह सामान्य कारावास की व्यवस्था दी गई है। कई अपराधों के लिए केवल फाइन रखा गया है। नया आयकर अधिनियम, वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 से लगभग आधा है सरल है सहज है। लैटिन के शब्दों की जगह सामान्य अंग्रेजी के शब्दों के इस्तेमाल से नया कानून करदाता की समझ और अनुपालन बढ़ाएगा।

# वेतन रोके जाने से कोयला खदान मजदूरों में रोष

**पाथाखेड़ा।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के पाथाखेड़ा क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदानों में कार्यरत असंगठित ठेका श्रमिकों का आक्रोश एक बार फिर उभर कर सामने आया है। मजदूरों ने ठेकेदारों पर वेतन रोकने, काम से हटाने तथा मानसिक दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक को लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि 9 फरवरी 2026 को आंदोलन समाप्त कराने के लिए प्रबंधन एवं मजदूरों के बीच हुई वार्ता में श्रमिकों की मांगों पर सहमति बनी थी, जिसके बाद मजदूर पुनः कार्य पर लौट गए थे। लेकिन आरोप है कि समझौते के विपरीत अब ठेकेदार मजदूरों को फोन कर ड्यूटी से वापस कर रहे हैं तथा कई कामगारों को कार्यस्थल



में प्रवेश तक नहीं दिया जा रहा। मजदूरों का कहना है कि जनवरी ,फरवरी माह का वेतन अब तक उनके खातों में जमा नहीं हुआ है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। श्रमिकों ने बताया कि नियमानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख तक भुगतान अनिवार्य है, फिर भी वेतन रोककर मजदूरों पर दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ श्रमिकों को बिना कारण काम से अलग किया जा रहा है और विरोध करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में असंतोष का वातावरण बन गया है और मजदूरों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। श्रमिकों ने बकाया वेतन का भुगतान, कार्यस्थल पर प्रवेश तथा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।